दिनांक

# टिल्लू-मुन्नी

1 टिल्लू
2 मुन्नी
3 गुरुजी
4 माताजी
5 मुन्नी-टुन्नी
6 बंदर
7 किताब
8 पेड़
9 घर
10 कमीज़
11 नदी
12 केला
13 फूल

14 ने
15 को
16 से
17 में
18 पर
19 के
20 का
21 की

32 रहा
33 रही
34 रहे
35 देता
36 देती
37 देते
38 गया
39 गयी
40 गये
41 था
42 थी
43 थे
44 है
45 हैं
46 थीं

22 सो
23 रो
24 पी
25 हंस
26 पहन
27 नहा
28 चढ़
29 खा
30 दौड़
31 तोड़

1 टिल्लू
10 कमीज़
26 पहन
32 रहा
44 है
रहा है।

वाक्य लिखो :

7 9 17 में 44 है

------------------------------

ऊपर के कार्डों में उपयुक्त चित्र बनाओ

# नये वाक्य बनाओ

कक्षा 2में टिल्लू-मुन्नी वाले पन्ने से हमने वाक्य बनाए थे। इस पन्ने में भी उसी तरह वाक्य बनाना है।

इन अंकों के शब्द और चित्र ढूंढ कर वाक्य बनाओ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | 23 | 32 | 4 |
| ---- | ---- | ---- | ---- |
| 2 | 22 | 33 | 42 |
| ---- | ---- | ---- | ---- |
| 4 | 12 | 36 | 45 |
| ---- | ---- | ---- | ---- |
| 3 | 29 | 34 | 45 |
| ---- | ---- | ---- | ---- |
| 11 | 17 | 13 | 41 |
| ---- | ---- | ---- | ---- |
| 1 | 27 | 32 | 44 |
| ---- | ---- | ---- | ---- |

अपने और भी कार्ड बनाओ। उनसे भी वाक्य बनाओ।

अपनी कॉपी में करो। इनमें कुछ वाक्य गलत हैं। उन्हें पहचानो और सुधारो।

4 25 33 45

3 40

4 2 15 12 36 45

2 4 15 13 36 44

3 21 10 44

2 9 39

3 22 34 44

4 2 18 25 33 46

5 20 8 44

3 21 7 44

1 13 31 32 41

1 13 20 30 33 44

5 15 4 12 35 41

1 22 33 42

2 9 17 23 35 44

6 9 31 39 44

3 10 26 32 43


1 12 24 39

अपने अंक चुनकर लिखो और उनसे कॉपी में वाक्य बनाओ।

दिनांक

# कैसे निकला तिल का तेल






एक किसान के खेत में तिल की खूब फसल हुई।
तिल की कटाई के लिये मज़दूर नहीं मिले।

तो लोमड़ियों की पूंछों में हंसिया (दराती) बांधी गई। और फिर हंसिया बंधी पूंछ सहित लोमड़ियों को खेत में भगा दिया।
इस तरह तिल की सारी फसल काट ली गई।



अचानक आंधी आ गई। पास में एक कुंआ था।
सब तिल उस कुंए में भर गया।
तो एक झाड़ कुएं में डाला गया। उसे ज़ोर से हिलाया गया। सारा तेल निकल गया।
फिर तेल को कुएं से निकाल लिया गया।



(ऊपर की खाली जगहों में कहानी के लिए चित्र बनाओ)

दिनांक ________

1. ये कहानी हमने पिपरिया के पास बनखेड़ी के एक बच्चे से सुनी थी। तुम्हारे पास भी सुनाने के लिये कोई कहानी हो तो तुम भी सुनाओ। अगर लिख सकते हो तो लिखो भी।

2. सवाल बूझो

क) श्यागू के लोटे में 2 गिलास तेल आता है। और एक बाल्टी में वह अपने लोटे से 10 लोटे तेल डाल सकता है। उस बाल्टी में कितने गिलास तेल आयेगा? ____________________

ख) संतू के लोटे में 3 गिलास तेल आता है। और उसकी बाल्टी 8 लोटों से भरती है। तो भला उसकी बाल्टी में कितने गिलास तेल आ जायेगा? ____________________

3. तिल के अलावा और किस-किस का तेल निकलता है?

____________________________________________

____________________________________________

इनमें से किन तेलों का उपयोग तुमने किया है?

____________________________________________

____________________________________________

किन-किन कामों के लिये? कम से कम पांच काम बताना।

____________________________________________

____________________________________________

4. एक दिन रीतू से फर्श के ऊपर तेल गिर गया। अब उसे समेटा कैसे जाये?

____________________________________________

____________________________________________

अगले दिन सुक्कू से रेत में गेंहू गिर गए। तो अब इस गेंहू को रेत से अलग कैसे किया जाये?

____________________________________________

____________________________________________

अच्छा इन दोनों में से किसी को डांट पड़नी चाहिये कि नहीं? क्यों?

____________________________________________

____________________________________________

दिनांक

# झंडा




तीन रंगों का अपना झंडा,
इसे तिरंगा कहते हैं,
हम भारत के बच्चे मिलकर,
यह झंडा फहराते हैं।
मन में है हम खुशी मनाते,
इसका गाना गाते हैं।

झंडा हमें बना देना,
तीन रंगों से सजा देना।
लाल किले पर जाएंगे,
जय हिंद जय हिंद गाएंगे।

1. तुमने भारत का झंडा देखा होगा। नहीं तो गुरूजी की मदद् से उसका चित्र यहां बनाओ


2. तुम्हारी शाला में कब-कब झंडा फहराते हैं?
झंडा फहराने के साथ-साथ क्या कोई गीत भी गाते हैं? वह गीत भी यहां लिखो।

3.अपने लिए एक छोटा सा झंडा बनाओ। एक या दो बित्ते लम्बा एक लकड़ी का टुकड़ा लो। एक बित्ता लम्बा और आधे बित्ता चौड़ा एक कागज लो। उस पर कोई भी चित्र बनाओ। कागज को इस तरह लकड़ी पर चिपका दो जैसे चित्र में दिखाया गया है। तुम्हारा झंडा तैयार है।



तुम अपनी कक्षा के बच्चों के साथ मिलकर अपनी कक्षा का एक झंडा तैयार कर सकते हो। कक्षा के नक्शे पर क्या चित्र बनेगा, मिलकर तय करना।

4. हर देश के अपने झंडे होते हैं।
कुछ देशों के झंडों के चित्र यहां दिए हैं।
बताए गए रंगों अनुसार उन्हें रंगो।



# जाली भरो

| | | |
|---|---|---|
| | 4 | |
| 2 | | 6 |
| | 8 | |

(क)

ऐसे अपनी कॉपी में बनाओ। फिर अंक लिखो।

(क) वाली जाली में नीचे लिखे अंक भरो।

- 2 के ऊपर वाले घर में 3 लिखो।
  2 के नीचे 9 लिखो।
- 6 के नीचे 7 लिखो और
  6 के ऊपर 5 लिखो।
- बीच वाले घर में 1 लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

(ग)

(ग) वाली जाली में गुरुजी के बताए अनुसार अंक भरो।

ऐसे और खाली घर अपनी कॉपी में बनाओ।

दोस्तों के साथ अंक भरना खेलो।

(ख)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | |
| | | | | |
| 6 | | 12 | | 18 |
| | | | | |
| | | 20 | | |

(ख) वाली जाली में नीचे लिखे अंक भरो।

- 12 के ऊपर 8 लिखो।
- 12 के नीचे 16 लिखो।
- 12 और 18 के बीच 15 लिखो।
- 6 के ऊपर 4 लिखो।
- 6 के नीचे 8 लिखो।
- 6 और 12 के बीच 9 लिखो।
- 18 के ऊपर 12 लिखो।
- 18 के नीचे 24 लिखो।

ऊपर बाएं कोने में 2 लिखो।

नीचे बाएं कोने में 10 लिखो।


ऊपर दाएं कोने में 6 लिखो।

नीचे दाएं कोने में 30 लिखो।


पैटर्न पहचान कर शेष खाने भरो। यह ध्यान रखना कि हर खड़ी लाईन में एक ही संख्या के गुणज हैं।

# भिन्न -1


भिन्न की कुछ शुरुआत हम कक्षा 3 भाग 1 में कर चुके हैं। जैसे इन भिन्नों से हम परिचित हैं।




1 एक चौकोर




$\frac{1}{2}$ आधा चौकोर
(2 बराबर हिस्सों में से 1 हिस्सा)



$\frac{3}{4}$ पौन चौकोर
(4 बराबर हिस्सों में से 3 हिस्से)




$\frac{1}{4}$ पाव चौकोर
(4 बराबर हिस्सों में से 1 हिस्सा)




क्या तुम बता सकते हो कि इस गोले का कितना भाग रंगा हुआ है?
V
हम ने किए कुल ------ बराबर भाग

उन में से रंगा ------ भाग। तो रंगा हुआ भाग है, गोले का ------- हिस्सा।


क्या तुम बता सकते हो कि नीचे दी गई आकृतियों के कितने हिस्से रंगे हुए हैं?




--- बराबर हिस्सों में से -- हिस्से। भिन्न में -- हिस्सा।



-- बराबर हिस्सों में से -- हिस्से। भिन्न में --- हिस्सा।



-- बराबर हिस्सों में से -- हिस्से। भिन्न में -- हिस्सा।



--- बराबर हिस्सों में से -- हिस्से। भिन्न में --- हिस्सा।

$\frac{2}{5}$, $\frac{1}{6}$, $\frac{4}{7}$, $\frac{3}{8}$, इन में से सबसे बड़ा भिन्न कौन सा है?